उत्तर प्रदेश में नई विद्युत परियोजना स्थापित किए जाने के प्रस्ताव

2707. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य में नई विद्युत परियोजनायें स्थापित किये जाने के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो केन्द्रीय सरकार के अनुमोदनार्थ लम्बित पड़े हैं ;

(ख) इन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा वे किस-किस तारीख को प्राप्त हुए थे; और

(ग) इस संबंध में केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और कितने प्रस्तावों को सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने की संभावना है और तथा इन्हें कब तक अनुमोदित कर दिया जायेगा ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) से (ख) उत्तर प्रदेश को निम्नलिखित विद्युत परियोजनायें केन्द्रीय सरकार के पास अनुमोदन के लिये लम्बित पड़ी हैं :—

क्र०सं०	परियोजना का नाम	क्षमता	प्राप्त होने की तिथि	टिप्पणी
1	2	3	4	5
1.	कोटेश्वर (टीएचडीसी)	400	नवम्बर, 1986	पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पास निवेश संबंधी अनुमोदन के लिए लम्बित।
2.	टिहरी डैम–2	1000	जून, 1984	निवेश संबंधी अनुमोदनार्थ लम्बित ।
3.	गोरी गंगा केंद्र-3-क (एनएचपीसी) 3-ख	140	जनवरी, 1992	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन ।
4.	टियनी पलासु	42	जनवरी, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन ।
5.	बोवाला नन्द प्रयाग	132	मई, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन ।
6.	तपोवन विष्णुगढ़	360	मई, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन ।
7.	विष्णु प्रयाग	400	जुलाई, 1993	के.वि.प्रा. के जांचाधीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित ।
थर्मल				
8.	बेलथेरा रोड टीपीएस	750	25.11.91 4.11.92	के.वि.प्रा. के जांचाधीन ।
9.	अनपारा "सी" टीपीएस	1000	21.8.92	के.वि.प्रा. के जांचाधीन ।
10.	रोसा टीपीएस	750	22.2.93	के.वि.प्रा. के जांचाधीन ।
11.	जवाहरपुर टीपीएस	750	22.2.93	के.वि.प्रा. के जांचाधीन ।

(ग) प्रस्तावों के अनुमोदन पर लगने वाला समय राज्य सरकारों/परियोजना प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त विवरणों तथा विभिन्न संबंधित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार अभिकरणों की स्वीकृतियों पर निर्भर करती है।